# शिक्षक के पद हेतु परीक्षा योजना

## (हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम दोनों पद हेतु)

कुल अंक – 150

| | | |
|---|---|---|
| 1. बाल विकास एवं शिक्षा शास्त्र | :– | 30 अंक |
| 2. सामान्य हिन्दी | :– | 25 अंक |
| 3. सामान्य अंग्रेजी | :– | 25 अंक |
| 4. गणित और विज्ञान | :– | 30 अंक |
| 5. सामाजिक अध्ययन | :– | 20 अंक |
| 6. कम्प्यूटर संबंधी सामान्य ज्ञान | :– | 10 अंक |
| 7. सामान्य ज्ञान | :– | 10 अंक |

उप संचालक एवं
नोडल अधिकारी
लोक शिक्षण संचालनालय
अटल नगर रायपुर

# पाठ्यक्रम

## 1. बाल विकास एवं शिक्षा शास्त्र

**इकाई 1 : बच्चे का विकास ( उच्च प्राथमिक शाला बालक)**

विकास की अवधारणा एवं उसका सीखने से संबंध ,बच्चों के विकास के सिद्धान्त, वंशानुक्रम एवं वातावरण का प्रभाव, बुद्धिमत्ता के सृजन का समालोचनात्मक परिप्रेक्ष्य, बहु आयामी बुद्धि,भाषा एवं विचार, सीखने वालों के मध्य वैयक्तिक विभिन्नता, भाषायी विभिन्नता, जाति, लिंग, समुदाय, धर्म, इत्यादि पर आधारित समझने में अन्तर, सीखने हेतु मूल्याँकन व सीखने का मूल्याँकन के मध्य अन्तर, शाला आधारित मूल्याँकन एवं सतत् व समग्र मूल्याँकन, परिप्रेक्ष्य एवं अभ्यास।

**इकाई 2 : समावेशी शिक्षा की अवधारणा तथा विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को समझना**

वंचित व कमजोर सहित विभिन्न पृष्ठभूमि से आए सीखने वाले का शिक्षण।
सीखने में कठिनाई, विकलांगता आदि से संबंधित बच्चों का शिक्षण।
सृजनात्मक एवं विशिष्ट योग्यता वाले, सीखने वालों का शिक्षण।

**इकाई 3 : सीखना एवं शिक्षाशास्त्र**

सीखने–सिखाने के आधारभूत तरीके, बच्चों के सीखने की व्यूह रचना ,सामाजिक क्रियाकलाप के रूप में सीखना, सीखने का सामाजिक परिप्रेक्ष्य। बालक, समस्या–समाधान करने वाला व वैज्ञानिक अनुसंधान करने वाले के रूप में। संज्ञान एवं संवेग, अभिप्रेरणा व सीखना, सीखने में सहयोगी कारक – वैयक्तिक एवं पर्यावरणीय।

## 2. भाषा–1 (हिन्दी)

**इकाई–1 : वर्ण विचार**

स्वर, व्यंजन, अक्षर, वर्तनी, लिंग, वचन, काल, वाक्य, संधि और संधि के प्रकार, संधि–विच्छेद।

**इकाई–2 : शब्द विचार**

शब्द रूप और शब्द रचना

स्त्रोत के आधार पर शब्दों के वर्ग– तत्सम, तद्‌भव, देशज, विदेशी। अर्थ के आधार पर शब्द भेद – पर्यायवाची शब्द, विलोम शब्द, अनेकार्थी शब्द, शब्द–युग्म शब्द रचना–उपसर्ग, प्रत्यय, समास और उसके भेद, अनेक शब्दों या वाक्यांश के लिए एक शब्द; शब्द–शक्ति।

**इकाई–3 : पद व पद–भेद**

संज्ञा, संज्ञा के प्रकार, सर्वनाम, विशेषण, क्रिया, कारक–चिह्न।

**इकाई–4 : वाक्य परिचय**

वाक्य के अंग, एवं वाक्य भेद।

**इकाई–5 : विराम चिह्न– प्रमुख प्रकार।**

**इकाई–6 : रचना, मुहावरे तथा लोकोक्तियाँ।**

**इकाई–7 : अपठित गद्यांश**

**इकाई–9 : भाषाई कौशलों का अध्यापन**

श्रवण, वाचन, लेखन, एवं पठन कौशल।

## 3. भाषा–2 (अंग्रेजी)

(... Multiple Choice Questions of [illegible] Marks will [illegible] from this part of Question Paper)

**A. Comprehension**

a. One unseen prose passage with questions on: comprehension, grammar and verbal ability
   - i. Comprehension
   - ii. Grammar
   - iii. Vocabulary

b. One unseen poem with questions on: comprehension, grammar and verbal ability
   - i. Comprehension
   - ii. Vocabulary

**B. Pedagogy of Language Development**

- Learning and acquisition
- Principles of Language Teaching
- Role of listening and speaking; function of language and how children use it as a tool
- Critical perspective on the role of grammar in learning a language for communicating ideas verbally and in written form
- Challenges of teaching language in a diverse classroom; language difficulties, errors and disorders
- Language Skills
- Evaluating language comprehension and proficiency: speaking, listening, reading and writing
- Teaching – learning materials: Textbook, multi-media materials, multilingual resource of the classroom
- Remedial Teaching

## 4. गणित और विज्ञान

[illegible]

**इकाई 1: गणित की प्रकृति, गणित सीखना–सिखाना व आकलन :**

गणितीय विचार किस तरह विकसित होते हैं ? गणित का स्वरूप, गणितीय तरीके से सोचना अमूर्तीकरण ,विशिष्टीकरण और व्यापकीकरण, सीखने का मॉडल बनाना ,सीखना यानी रटना (बैंकिंग मॉडल),सीखना यानी प्रोग्रामिंग, सीखना यानी समझ का निर्माण ,शिक्षण

की प्रचलित प्रथाएँ ,कक्षा में रचनावाद आकलन,अमूर्त सोच का विकास ,अवधारणात्मक व प्रकियात्मक ज्ञान।

**इकाई 2**

घातांक : समान आधार की घातीय संख्याओं का गुणा तथा भाग, घातांक नियम।

बीजीय व्यंजक : बीजीय व्यंजकों का योग, व्यवकलन, गुणा एवं भाग, सर्वसमिकाएँ।

गुणनखण्ड : सरल बीजीय व्यंजकों के गुणनखण्ड।

समीकरण : सरल एकघातीय समीकरण।

श्रेढ़ियां : समान्तर श्रेढ़ी तथा गुणोत्तर श्रेढ़ी, nवां पद, nपदों का योगफल।

**इकाई 3**

ब्याज : सरल ब्याज, चक्रवृद्धि ब्याज, लाभ – हानि।

अनुपात एवं समानुपात : समानुपाती भागों में विभाजन।

प्रतिशतता, जन्म व मृत्यु दर, जनसंख्या वृद्धि, ह्रास।

समय तथा दूरी : चाल, औसत चाल, समय, सापेक्ष चाल।

**इकाई 4**

रेखा तथा कोण : रेखाखण्ड, सरल एवं ~~वक्र रेखाएं~~, कोणों के प्रकार।

समतलीय आकृतियाँ : त्रिभुज, त्रिभुजों की सर्वांगसमता, चतुर्भुज तथा वृत्त

**इकाई 5**

समतलीय आकृतियों का क्षेत्रफल : त्रिभुज, आयत, समान्तर चतुर्भुज एवं समलम्ब चतुर्भुज पृष्ठीय क्षेत्रफल तथा आयतन– घन, घनाभ एवं लम्बवृतीय बेलन।

**इकाई 6**

सांख्यिकी : आंकड़ों का संग्रह एवं वर्गीकरण, बारम्बारता बंटन सारिणी, मिलान चिह्न, स्तम्भ (बार) लेखाचित्र एवं आयत लेखाचित्र, वृत्तीय ग्राफ (पाई चित्र) । लेखाचित्र (ग्राफ) : विभिन्न प्रकार के लेखाचित्र।

**इकाई 7**

सजीव–

- सजीवों के लक्षण।
- सजीवों का वर्गीकरण।
  - ➢ जलीय एवं स्थलीय।
  - ➢ शाक, झाड़ी, वृक्ष, आरोही।
  - ➢ [illegible]

- सजीवों की संरचना : कोशिका, कोशिका–विभाजन, विभिन्न अंग–तंत्र, मानव शरीर के विभिन्न अंग–तंत्र।
- हमारा पर्यावरण– पारिस्थितिक तंत्र की संरचना, जैविक–अजैविक घटक, खाद्य शृंखला, खाद्य जाल, पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा प्रवाह, पदार्थों का चक्र।
- मानव शरीर एवं स्वास्थ्य – सूक्ष्म जीव (जीवाणु, वाइरस, कवक), सूक्ष्म जीवों से फैलने वाले रोग (क्षय रोग, खसरा, डिप्थीरिया, हैजा, टाइफाइड), रोगों से बचाव के उपाय, मानव शरीर के विभिन्न तंत्र, संक्रामक रोग (फैलने के कारण और बचाव), भोजन के प्रमुख अवयव और इनकी कमी से होने वाले रोग, संतुलित भोजन।

**इकाई 8**

बल एवं गति – बलों के प्रकार (पेशीय बल, घर्षण बल, गुरुत्व बल, चुम्बकीय बल, स्थिर वैद्युत बल, आदि) , गति के प्रकार (रेखीय, यदृच्छ, वृत्ताकार, कम्पन गति, आवर्त गति), चाल, ऊर्जा के प्रकार, ऊर्जा के परम्परागत तथा वैकल्पिक स्रोत, ऊर्जा संरक्षण।

ऊष्मा – ऊष्मा के उपयोग , ऊष्मा का आदान–प्रदान, ताप की अवधारणा, गलन, क्वथन एवं वाष्पन, संघनन एवं उर्ध्वपातन, दैनिक जीवन में ऊष्मीय प्रसार के उदाहरण, ऊष्मा के कुचालक एवं सुचालक, ऊष्मा की संचरण विधियां (चालन, संवहन और विकिरण)।

**इकाई 9**

प्रकाश – प्रकाश के स्रोत , छाया का बनना, प्रकाश का परावर्तन, समतल दर्पण में प्रतिबिम्ब बनना, गोलीय दर्पण (फोकस, फोकस दूरी, वक्रता त्रिज्या), गोलीय दर्पणों (अभिसारी एवं अपसारी) से बनने वाले प्रतिबिम्ब, अपवर्तन संबंधी घटनाएं, अभिसारी एवं अपसारी लैंसों से बनने वाले प्रतिबिम्ब, लैंसों के उपयोग।

ध्वनि– ध्वनि के प्रकार, ध्वनि संचरण, ध्वनि के अभिलक्षण, प्रतिध्वनि, शोर और शोर कम करने के उपाय। चुम्बक – चुम्बक के गुणधर्म, चुम्बकीय प्रेरण, चुम्बकत्व के विभिन्न उपयोग।

**इकाई 10**

विद्युत –विद्युत सेल ,दिष्ट धारा एवं प्रत्यावर्ती धारा, चालक, अर्धचालक और कुचालक पदार्थ एवं उनके अनुप्रयोग, विद्युत धारा के रासायनिक, चुम्बकीय तथा उष्मीय प्रभाव, विद्युत फ्यूज, विद्युत ऊर्जा तथा इसके अपव्यय की रोकथाम।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी – दैनिक जीवन में विज्ञान का महत्व, रेशे, प्लास्टिक, डिटर्जेंट , सीमेंट आदि; चिकित्सा के क्षेत्र में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एक्स किरण, सी.टी. स्कैन, शल्य चिकित्सा, अल्ट्रासाउण्ड तथा लेजर किरणें), दूरसंचार के क्षेत्र में– फैक्स मशीन, कम्प्यूटर, इन्टरनेट, ई–मेल तथा वेबसाइट की सामान्य जानकारी।

इकाई 11

पदार्थ की संरचना – तत्व, यौगिक और मिश्रण, पदार्थ की अशुद्धियों का पृथक्करण, तत्वों के प्रतीक, यौगिकों के रासायनिक सूत्र तथा रासायनिक समीकरण, परमाणु एवं अणु, परमाणु की संरचना, धातुएँ एवं अधातुएँ।

रासायनिक पदार्थ – कार्बन के ऑक्साइड, हरित गृह प्रभाव और वैश्विक तापन, हाइड्रोकार्बन (सामान्य जानकारी), अम्ल, क्षार और लवण, ऑक्सीजन गैस, नाइट्रोजन गैस।

## 5. सामाजिक अध्ययन

**इकाई 1 – भारतीय समाज :**

विशेषताएँ, परिवार, विवाह, महिलाओं की स्थिति; तात्कालिक और सामाजिक समस्याएं–जातिवाद, क्षेत्रीयता, गरीबी, बालश्रम, शहरीकरण।

**इकाई 2 – भारतीय सभ्यता व संस्कृतिः**

भारतीय इतिहास के स्रोत, सिन्धु घाटी सभ्यता, वैदिक संस्कृति।

**इकाई 3 – मौर्य साम्राज्य तथा गुप्त साम्राज्य :**

राजनैतिक इतिहास और प्रशासक, भारतीय संस्कृति के प्रति योगदान।

गुप्त काल में सांस्कृतिक उपलब्धियाँ, विश्व से भारत का सांस्कृतिक संबंध।

**इकाई 4 – भक्ति और सूफी आन्दोलन :**

सामाजिक महत्व, हिन्दु–मुस्लिम सांस्कृतिक समागम।

**इकाई 5 – मुगल साम्राज्य :**

मुगल–राजपूत संबंध, मुगल काल में प्रशासनिक, सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक स्थितियाँ।

**इकाई 6 – ब्रिटिश शासन :**

भारतीय राज्यों के प्रति ब्रिटिश नीति, 1857 की क्रांति व उसके प्रभाव

**इकाई 7 – भारतीय संविधान :**

विशेषताएँ, मूल अधिकार एवं कर्त्तव्य।

**इकाई 8 – व्यवस्थापिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका संरचना :**

संसद–लोकसभा, राज्य सभा; राष्ट्रपति व राज्यपालों की संवैधानिक स्थिति एवं उनकी शक्तियां, प्रधानमंत्री और मंत्रिमण्डल नगरीय और स्थानीय शासन।

इकाई 9 – पृथ्वी के प्रमुख घटक :

स्थलमण्डल, जलमण्डल, वायुमण्डल, जैवमण्डल, चट्टानों के प्रकार, पृथ्वी की सतह पर परिवर्तनकारी शक्तियाँ– भूकम्प और ज्वालामुखी, नदियां, भूमिगत जल, हिमनद, हवाएं, समुद्री लहरें।

इकाई 10 – भारत का अध्ययन :

भूआकृति प्रदेश, जलवायु, प्राकृतिक वनस्पति, हरित क्रांति, बहुउदेशीय योजनाएँ, उद्योग एवं मानव संसाधन।

इकाई 11 – छत्तीसगढ़ का भूगोल एवं संसाधनः

भौतिक प्रदेश, मिट्टियां, जलवायु, जल स्रोत एवं जल संरक्षण, वन एवं वन्य जीव, कृषि, खनिज, ऊर्जा संसाधन, परिवहन एवं उद्योग।

इकाई 12 – छत्तीसगढ़ का इतिहास एवं संस्कृति :

छत्तीसगढ़ में स्वतंत्रता आंदोलन, छत्तीसगढ़ के प्रमुख व्यक्तित्व, छत्तीसगढ़ की विरासत एवं संस्कृति (किले, महल, मेले, त्यौहार, लोक कलाएं, हस्त कलाएँ), पर्यटन।

इकाई 13 – शैक्षणिक मुद्दे – **(Pedagogical Issues) :**

- सामाजिक विज्ञान / सामाजिक अध्ययन की अवधारणा एवं प्रकृति।
- कक्षा–कक्ष की प्रक्रिया एवं गतिविधियाँ।
- सामाजिक विज्ञान / सामाजिक अध्ययन की समस्याएँ।
- प्रायोजना कार्य।
- मूल्यांकन।

## कम्प्यूटर संबंधी सामान्य ज्ञान

1. कम्प्यूटर का उपयोग– कम्प्यूटर का उपयोग कहॉ–कहॉ एवं किस लिए किया जाता है। इसकी सामान्य जानकारी।

2. कम्प्यूटर के प्रमुख भाग– सी.पी.यू. इनपुट डिवाईस, आउटपुट डिवाइस की सामान्य जानकारी।

3. प्रिंटर के प्रकार– इंकजेट, लेजरजेट, एवं अन्य प्रकार के प्रिंटर।

4. आपरेटिंग सिस्टम के नाम– एम.एस. डॉस, कमर्शियल एवं ओपन सोर्स, आपरेटिंग सिस्टम के नाम।

5. कार्यालय के उपयोग के लायक सामान्य माईक्रोसॉफ्ट ऑफिस के अंतर्गत वर्ड, एक्सेल, एवं पॉवर पाईन्ट की जानकारी।

6. इंटरनेट के उपयोग– ई–मेल डाक्यूमेंट सर्चिंग, वेबसाईट सर्फिंग विभिन्न सरकारी विभागों के वेबसाईट की सामान्य जानकारी।

7. एंटीवायरस के उपयोग– कम्प्यूटर वायरस से होने वाले नुकसान एवं कम्प्यूटर वायरस की सामान्य जानकारी।

8. मल्टीमीडिया के उपयोग– ऑडियों, वीडियों एवं टेक्स्ट का उपयोग करने की सामान्य जानकारी।

9. सी.डी./डी.व्ही.डी. से संबंधित सामान्य जानकारी।

10. गूगल, अलविस्ता, यू–ट्यूब की सामान्य जानकारी– सर्च इंजिन से वांछित जानकारी कैसे प्राप्त की जाए इसकी सामान्य जानकारी।

## सामान्य ज्ञान

1. भारतीय राजनैतिक व्यवस्था एवं संविधान – मुख्य संवैधानिक प्रावधान, मौलिक कर्तव्य एवं अधिकार, सूचना का अधिकार, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय व्यक्तित्व, लोकतंत्र एवं चुनाव लोकसभा, राज्यसभा।

2. भारतीय इतिहास एवं राष्ट्रीय आंदोलन– भारतीय सभ्यता एवं सांस्कृतिक, ऐतिहासिक घटनाएं, (छ0ग0 बोर्ड के कक्षा 10वीं तक के पाठ्यक्रम स्तर तक), भारतीय स्वतंत्रता का इतिहास 1857 से 1947 तथा, 1947 के बाद का घटनाक्रम।

3. भूगोल– छत्तीसगढ़ बोर्ड के कक्षा 10 वीं तक के स्तर तक सामान्य भूगोल, भारत एवं विश्व का भूगोल।

4. भारतीय अर्थव्यवस्था – सामाजिक एवं आर्थिक विकास, जनसंख्या परिप्रेक्ष्य, सकल राष्ट्रीय उत्पादन और प्रति व्यक्ति आय, पंचवर्षीय योजनाएं, कृषि व ग्रमीण विकास, औद्योगिक विकास, भारतीय अर्थव्यवस्था, बैंक प्रणाली, वर्तमान आर्थिक घटनाक्रम (छ0ग0 बोर्ड के कक्षा 10वीं तक के पाठ्यक्रम स्तर तक)।

5. सामान्य विज्ञान– छ0ग0 बोर्ड के कक्षा 10वीं तक के स्तर तक भौतिकी, रसायनशास्त्र एवं जीव तथा वनस्पति विज्ञान से संबंधित मूलभूत जानकारी।

6. छत्तीसगढ़ की सामान्य जानकारी-– छत्तीसगढ़ का इतिहास, भूगोल, राजनैतिक व्यवस्था, अर्थव्यवस्था शासकीय योजनाएं, पुरस्कार–सम्मान, परम्परायें लोकगीत–संगीत, महत्वपूर्ण व्यक्तिव एवं छत्तीसगढ़ से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषय।